an>

Title: Need to develop Narsing garh as a tourist destination.

श्री रोड़मल नागर (राजगढ़) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र राजगढ़ मालवा क्षेत्र में अपनी ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को समेटे हुए है। सिद्ध शक्ति पीठ माता बुगलादेवी नलखेड़ा, भैंसवा माता, जालपा माता राजगढ़, कपिलेश्वर महादेव, रानीरूपमति स्मारक, सारंगपुर, बाग-बागेशवर, महादेव चाचौरा, नरसिंगढ़ में प्रागैतिहासिक महत्व के शैल्यचित्र कोटरा शाका शयामजी व आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में प्रचुर मात्रा में मिलते हैं। वन्य प्राणी अभ्यारणय चिरिखों व बैजनाथ महादेव मंदिरों की शृंखलाएं प्राकृतिक सौन्दर्य पहाड़ों से भरपूर पहाड़ों से निकलने वाले झरने, प्राचीन और सांस्कृतिक महत्व के बेहद सुंदर और नक्काशीदार मंदिरों, किले, सुंदर महलों, पशुपति नाथ जलमंदिर व मनोरम झीलों से आच्छादित होने के कारण मध्य प्रदेश के लोग इसे मालवा के कश्मीर के नाम से जानते हैं। यहां की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत में मध्यकालीन भारत के विभिन्न अवशेष और प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के रणवीर कुंवर चैन सिंह जी की शहादत से जुड़ी गौरवपूर्ण वीरगाथाएं क्षेत्र का महत्व स्वयं प्रतिपादित करती हैं। नरसिंगढ़गढ़ सहित संपूर्ण संसदीय क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाएं रेखांकित करती है। यह क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग 12 व अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे भोपाल से मात्र 80 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यदि नरसिंगढ़ क्षेत्र को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाता है तो क्षेत्र विकास के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।